फालोअप — खुलने लगे भ्रष्टाचार के कई नए-नए राज, अभी भी पद पर आसीन

# रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा था बाबू, विभाग ने नहीं की कार्यवाही

**सिवनी ।** धनौरा नवभारत धनौरा में लोकायुक्त की कार्रवाई के बाद अब विभाग की तरह-तरह की चर्चाएं इस समय पूरे क्षेत्र में चल रही है कि आखिरकार इतनी बड़ी कार्रवाई के बाद भी अभी तक इस कर्मचारी को विभाग द्वारा कोई कार्यवाही न करना कहीं ना कहीं विभाग की मिली भगत दिखाई दे रही है ऐसे कई कारनामे इस कर्मचारी के लिए अब मुसीबत बन गई है रिश्वत के बाद अब नए-नए कारनामे देखने और सुनने को मिल रहे हैं इसके बाद भी विभाग इस कर्मचारी पर क्यों मेहरबान है यह तो विभाग को ही पता है इसके बाद भी विभाग ऐसे भ्रष्ट कर्मचारी पर मेहरबान दिखाई दे रहे हैं और जस की जस अभी भी इस कार्यालय में किस नियम के तहत अपनी सेवाएं दे रहे हैं इस पर भी पूरे क्षेत्र में एक अलग माहौल बना हुआ है पूरे विभाग में इस कर्मचारी का किसका संरक्षण है यह तो कार्यवाही के बाद भी पता नहीं चला ।




## दैनिक वेतनभोगियों से वसूली के आरोप भी सुर्खियों में

वही सिवनी विकासखंड शिक्षा कार्यालय धनौरा में सहायक ग्रेड-3 अरुण कुमार कुमरे को लोकायुक्त जबलपुर द्वारा 10 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किए जाने के बाद अब पूरे मामले को लेकर नए सवाल खड़े होने लगे हैं। लोकायुक्त की कार्रवाई ने न केवल एक रिश्वतखोरी के मामले का खुलासा किया है, बल्कि विभाग में लंबे समय से चल रही कथित अनियमितताओं और वसूली के आरोपों को भी चर्चा के केंद्र में ला दिया है और ग्राम छुई निवासी देवेंद्र कुमार सिरसाम, जो वर्तमान में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सुनवारा में भृत्य के पद पर पदस्थ हैं, अपनी 14 माह की निलंबन अवधि के जीवन निर्वाह भत्ते की राशि प्राप्त करने के लिए कार्यालय के चक्कर लगा रहे थे। आरोप है कि सहायक ग्रेड-3 अरुण कुमार कुमरे द्वारा इस भुगतान के एवज में पहले 32 हजार रुपये की रिश्वत मांगी गई। शिकायत के बाद लोकायुक्त ने सत्यापन कराया, जिसमें कथित तौर पर 25 हजार रुपये में सौदा तय हुआ और प्रथम किश्त के रूप में 10 हजार रुपये लेते समय आरोपी को पकड़ लिया गया।

### कथित वसूली व्यवस्था को लेकर भी चर्चा तेज

लोकायुक्त की इस कार्रवाई के बाद अब विभाग में वर्षों से चल रही कथित वसूली व्यवस्था को लेकर भी चर्चाएं तेज हो गई हैं। सूत्रों का दावा है कि विकासखंड धनौरा में कार्यरत लगभग 30 दैनिक वेतनभोगी स्थायी कर्मियों से प्रान नंबर और सर्विस बुक संबंधी कार्यों के नाम पर रकम वसूले जाने की शिकायतें पहले भी सामने आती रही हैं। आरोप यह भी लगाए जा रहे हैं कि तत्कालीन अधिकारियों और कुछ कर्मचारियों की मिलीभगत से कर्मचारियों से हजारों रुपये लिए गए। और उसके बाद भी काम अभी तक नहीं हुआ है जिसको लेकर भी पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है हालांकि इन आरोपों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन लोकायुक्त की कार्रवाई के बाद अब कर्मचारियों और आमजन के बीच यह चर्चा तेज है कि यदि निष्पक्ष और विस्तृत जांच हो तो कई और चौंकाने वाले तथ्य सामने आ सकते हैं। और सूत्रों के अनुसार कुछ प्रभावशाली और राजनीतिक के अलावा विभाग के ही कुछ अधिकारी के संरक्षण की चर्चा भी तेज है और विभागीय स्तर पर मिलीभगत की भी बातें सामने आ रही हैं। वहीं कुछ कर्मचारी संगठनों से जुड़े व्यक्तियों की भूमिका को लेकर भी सवाल उठाए जा रहे हैं। इधर लोकायुक्त जबलपुर ने आरोपी अरुण कुमार कुमरे के विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 (संशोधित 2018) की धारा 7, 13(1)(बी) एवं 13(2) के तहत प्रकरण दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या यह कार्रवाई केवल एक कर्मचारी तक सीमित रहेगी या फिर विभाग में कथित रूप से वर्षों से चल रहे भ्रष्टाचार और वसूली के पूरे नेटवर्क की भी जांच होगी। लोकायुक्त की इस कार्रवाई के बाद कर्मचारियों और आम लोगों की नजरें आगामी जांच पर टिकी हुई हैं।

# संजय वार्ड में सफाई व्यवस्था बदहाल : शफीक खान

- गंदी नालियां बनीं संक्रमण का अड्डा, रहवासी परेशान, पटरी से उतरी नगर पालिका परिषद् की सफाई व्यवस्था



**नवभारत, सिवनी ।** नगर पालिका परिषद सिवनी के संजय वार्ड में सफाई व्यवस्था की पोल खुलती नजर आ रही है। वार्ड की नालियां जर्जर और गंदगी से अटी पड़ी हैं, जबकि कई स्थानों पर नालियों का गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है। इससे स्थानीय रहवासियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है और संक्रमण फैलने का खतरा लगातार बढ़ता जा रहा है।

सामाजिक कार्यकर्ता शफीक खान ने वार्ड की बदहाल स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि आखिर आमजनता के स्वास्थ्य के साथ यह खिलवाड़ कब तक चलता रहेगा। उन्होंने नगर पालिका प्रशासन से तत्काल सफाई अभियान चलाने और नालियों की नियमित सफाई सुनिश्चित करने की मांग की है।शफीक खान के अनुसार वार्ड में लंबे समय से सफाई कार्य में लापरवाही बरती जा रही है, जिसके कारण नालियां कचरे से भर गई हैं। गंदा पानी सड़क पर बहने से राहगीरों और वाहन चालकों को परेशानी हो रही है, वहीं मच्छरों और कीटों की संख्या भी बढ़ रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते सफाई और जल निकासी की व्यवस्था दुरुस्त नहीं की गई तो डेंगू, मलेरिया, टायफाइड सहित कई गंभीर बीमारियां फैल सकती हैं। वर्तमान हालात ऐसे हैं कि कब कौन सी बीमारी लोगों को अपनी चपेट में ले ले, इसका अंदाजा लगाना मुश्किल है।

**जनता की मांग**-नालियों की तत्काल सफाई कराई जाए। सड़क पर बह रहे गंदे पानी की निकासी सुनिश्चित की जाए। वार्ड में नियमित सफाई व्यवस्था लागू की जाए। संक्रमण और बीमारियों की रोकथाम के लिए विशेष अभियान चलाया जाए। 'स्वच्छ वार्ड, स्वस्थ नागरिक' केवल नारा नहीं, बल्कि प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी होनी चाहिए। अब देखना यह होगा कि नगर पालिका परिषद सिवनी आमजन की इस गंभीर समस्या पर कब तक ठोस कदम उठाती है।

## एक नजर में



### सुस्त कार्यप्रणाली कहीं गरीबों के लिए मुश्किल खड़ी न कर दे

**नवभारत,छपारा ।** नगर परिषद छपारा द्वारा वर्तमान में लगभग 300 पीएम आवास योजना के तहत पात्र परिवारों द्वारा अपने आवास निर्माण कार्य चल रहे हैं जहां धरातलीय स्थित यह है कि मकान कार्य लेंटर हाईट तक प्रथम किस्त मिल जाने पर घर की दीवार उठाई जा सकी है जहां अब दूसरी किस्त की आस में कार्य रुके हुए हैं जिसको लेकर हितग्राहियों द्वारा जल्द कार्रवाई करते हुए उन्हें दिए जाने हेतु अपेक्षा है ज्ञात हो कि इनमें अधिकांश ऐसे परिवार हैं जो यहां वहां रहकर अपने घरों का निर्माण कार्य जब शुरू कर दिए हैं जबकि रिकॉर्ड तोड गर्म मौसम रहा लेकिन जैसे तैसे उनके द्वारा गर्मी तो काट ली गई पर अब बरसात का मौसम मुहाने पर है जिसे लेकर उनकी चिंता है कि समय रहते दूसरी किस्त उनके अकाउंट में जमा कर दी जाती तो लेंटर का काम शुरू हो जाता वहीं मिली जानकारी के अनुसार ऐसे अधिकांश परिवार है जो महंगे किराये के मकान में रह रहे हैं नगर परिषद छपारा एवं जिला प्रशासन से अपील की गई है कि उक्त परेशानियों को संज्ञान लेते हुए जल्द से जल्द ज़रुरी कार्यवाही कर आगामी राशि को खातों में जमा करने की कवायद तेज की जाएं।

### पुल आवागमन के लिए समर्पित



**नवभारत, केवलारी ।** विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक राकेश पाल सिंह ने भीमगढ़ व सुनवारा पुल के निर्माण पूर्ण होने पर माँ बैनगंगा की पूजन कर पुल आवागमन हेतु सभी समर्पित किया। केवलारी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम भीमगढ़ एवं ग्राम सुनवारा के समीप बैनगंगा नदी में बने पुल 20 अगस्त 2020 को अतिवृष्टि में वह गये थे ।जिनका निर्माण कार्य वर्तमान में राकेश पाल सिंह के विधायक रहते हुए 6 अक्टूबर 2023 को भूमि पूजन कर निर्माण कार्य प्रारंभ हुआ ।वर्तमान समय मे पुल समस्त ग्रामीणजनों को समर्पित कर ग्रामवासियों का आवागमन प्रारंभ हो चुका हैं। पूर्व विधायक राकेश पाल सिंह ने ग्रामवासियों से मुलाकात के पश्चात पूजन कर सभी को सुभकामना दिया ।ग्रामवासियों ने मुख्यमंत्री जी एवं पूर्व राकेश पाल सिंह को आभार व्यक्त किया। इन पुलों के निर्माण होने से लगभग 100 से ज्यादा गाँव लाभान्वित होंगे एवं समस्त ग्रामवासियों को मंडला एवं कान्हा नेशनल पार्क जाने वाले यात्रीयो को आवागमन हेतु सुविधा एव आसानी होंगी।

### पुलिस कस्टडी से आरोपी के भागने की उड़ी अफवाह

**जबलपुर ।** विक्टोरिया अस्पताल परिसर में रविवार को उस समय अचानक अफरा-तफरी मच गई, जब पुलिस अभिरक्षा से हथकड़ी समेत एक आरोपी के भागने की अफवाह फैल गई। मामले को लेकर पुलिस ने स्पष्ट किया कि हिरासत से कोई भी आरोपी नहीं भागा है और पकड़े गए तीनों वारंटियों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है। जानकारी के अनुसार लार्डगंज पुलिस ने लंबे समय से फरार चल रहे तीन वारंटियों अनिल सोनी, बिन्नू झारिया और शुभम मिश्रा को गिरफ्तार किया था। नियमानुसार, न्यायालय में पेश करने से पहले पुलिस टीम तीनों को मेडिकल जांच के लिए विक्टोरिया अस्पताल लेकर पहुंची थी। इसी दौरान अस्पताल परिसर में किसी अन्य बात को लेकर विवाद हुआ और एक अज्ञात व्यक्ति वहां से भागा, जिसे देख लोगों ने पकड़ो-पकड़ो का शोर मचा दिया। अस्पताल में अचानक मचे हंगामे और शोर को सुनकर वहां मौजूद पुलिसकर्मी भी स्थिति को संभालने के लिए उस व्यक्ति की तरफ दौड़ पड़े।

# निर्माणाधीन कुआं धंसा, मां-बेटी और नातिन मलबे में दबीं

### एक महिला को जीवित निकाला गया, दो की तलाश में देर रात तक चला रेस्क्यू





**सिवनी ।** जिले के बंडोल थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम दुकली में सोमवार दोपहर एक दर्दनाक हादसा हो गया। खेत में बने एक निर्माणाधीन कुएं के अचानक धंस जाने से एक ही परिवार की तीन महिलाएं मलबे में दब गईं। हादसे के बाद पूरे गांव में अफरा-तफरी और चीख-पुकार मच गई। सूचना मिलते ही बंडोल पुलिस, डायल-100, प्रशासनिक अधिकारी और रेस्क्यू दल मौके पर पहुंच गया तथा युद्धस्तर पर बचाव अभियान शुरू किया गया।

घटना के अनुसार, ग्राम दुकली में खेत में एक कुएं का निर्माण कार्य हाल ही में पूरा हुआ था। कुएं में सीमेंट कंक्रीट का कार्य होने के बाद उसकी तराई (क्योरिंग) की जा रही थी। सोमवार दोपहर श्रीमती सुमनिया बाई जंघेला (75 वर्ष), उनकी बेटी श्रीमती अनसुईया जंघेला (40 वर्ष) और नातिन स्वाति जंघेला (18 वर्ष) कुएं में तराई का काम कर रही थीं। इसी दौरान कुएं के आसपास पानी भर जाने से अचानक मिट्टी और निर्माण सामग्री का हिस्सा धंस गया और तीनों महिलाएं मलबे में दब गईं। हादसे के बाद ग्रामीण बड़ी संख्या में मौके पर एकत्र हो गए और तत्काल पुलिस एवं प्रशासन को सूचना दी गई। बंडोल थाना पुलिस और डायल-100 की टीम ने मौके पर पहुंचकर राहत एवं बचाव कार्य शुरू कराया। घटना की गंभीरता को देखते हुए प्रभारी कलेक्टर अनिल राठौर, पुलिस अधीक्षक कृष्ण लालचंदानी, एसडीओपी सचिन परते सहित प्रशासन का पूरा अमला घटनास्थल पर पहुंच गया। जेसीबी मशीनों की सहायता से मलबा हटाने का कार्य प्रारंभ किया गया। कई घंटों की मशक्कत के बाद मलबे में दबी सुमनिया बाई जंघेला को बाहर निकाल लिया गया। उन्हें गंभीर अवस्था में जिला चिकित्सालय सिवनी भेजा गया, जहां उनका उपचार जारी है। वहीं दूसरी ओर अनसुईया जंघेला और उनकी पुत्री स्वाति जंघेला को निकालने के लिए रेस्क्यू टीम लगातार प्रयास करती रही। कुएं की गहराई अधिक होने और लगातार धंसाव की आशंका के कारण बचाव कार्य में कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। स्थिति को देखते हुए पोकलेन मशीन भी मौके पर बुलाई गई, जिसकी सहायता से मलबा हटाने का कार्य देर शाम तक जारी रहा। समाचार लिखे जाने तक अनसुईया जंघेला और उनकी पुत्री स्वाति जंघेला मलबे में दबी हुई थीं तथा उन्हें सुरक्षित निकालने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन लगातार जारी था। पूरे क्षेत्र में इस हादसे को लेकर चिंता और शोक का माहौल बना हुआ है।

# रेडक्रास समिति ने वितरित की निक्षय पोषण किट





**नवभारत,सिवनी ।** विश्व स्वास्थ्य और जनसेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता निभाते हुए जिला रेडक्रास सोसायटी शाखा सिवनी ने रविवार 01 जून को जिला चिकित्सालय सिवनी में क्षय (टीबी) रोगियों के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित किया। रेडक्रास सोसायटी मध्यप्रदेश राज्य शाखा भोपाल के निर्देशानुसार आयोजित सेवा दिवस के अवसर पर क्षय रोगियों को एक-एक निक्षय पोषण किट एवं प्रोटीन सप्लीमेंट वितरित किए गए। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित मरीजों एवं उनके परिजनों को टीबी रोग से बचाव, उपचार के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों तथा पोषण के महत्व के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। विशेषज्ञों ने बताया कि नियमित दवा सेवन और संतुलित आहार से क्षय रोग पर प्रभावी नियंत्रण पाया जा सकता है। आयोजन के संबंध में जिला प्रबंध समिति सदस्य सूर्यप्रकाश विश्वकर्मा ने बताया कि निक्षय पोषण किट वितरण कार्यक्रम में जिला रेडक्रास सोसायटी के कोषाध्यक्ष डॉ. प्रतीक अवस्थी ने जिला चिकित्सालय परिसर में संचालित प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र की जानकारी देते हुए बताया कि यहां गुणवत्तापूर्ण दवाइयां और सर्जिकल सामग्री बाजार मूल्य की तुलना में काफी कम कीमत पर उपलब्ध हैं। उन्होंने मरीजों से जन औषधि केंद्र का लाभ उठाकर अपने उपचार का आर्थिक बोझ कम करने की अपील की। कार्यक्रम में जिला चिकित्सालय के क्षय रोग विभाग से डॉ. जयज काकोड़िया, श्री एस.के. मुंजे, श्री बृजेंद्र पांडे, श्री सुनील धुर्वे, श्री सुशील साहू, श्री गुलेंद्र परते, श्री तीरथ नागौत्रा एवं श्रीमती मधु बघेल उपस्थित रहीं।

### क्षय मरीजों को बाटी प्रोटीन किट



रेडक्रास सोसायटी म.प्र.राज्य शाखा भोपाल के निर्देशानुसार सेवा दिवस के रुप में जिला रेडक्रास सोसायटी शाखा सिवनी द्वारा 1जून को जिला चिकित्सालय सिवनी में क्षय रोगियो को एक-एक निक्षय पोषण किट प्रदान की गयी साथ ही एक-एक प्रोटीन भी वितरित किया गया। ज्ञात होवे कि इस अवसर पर उपस्थित सभी को स्वास्थ्य संबंधित आवश्यक जानकारी प्रदान की गयी एवं रखी जाने वाली सावधानियां से भी अवगत कराया गया। निक्षय पोषण किट वितरण के अवसर पर रेडक्रॉस सोसायटी से डाँ. प्रतीक अवस्थी कोषाध्यक्ष द्वारा जिला चिकित्सालय सिवनी में संचालित प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र के संबंध मे जानकारी देते हुए बताया गया कि उक्त औषधि केंद्र में काफी कम कीमत मे दवाइयां एवं सर्जिकल उपलब्ध हैं जहाँ से क्रय करके आर्थिक बोझ को बहुत सीमा तक कम किया जा सकता है।

### आरपीएफ ने चलाया जागरूकता अभियान

**जबलपुर, नवभारत ।** जबलपुर रेलवे स्टेशन में रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) द्वारा विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। उप निरीक्षक अरविंद सिंह एवं स्टाफ ने सर्कुलेटिंग एरिया, यात्री प्रतीक्षालय, प्लेटफार्म और वेटिंग हाल में मौजूद यात्रियों को रेल सुरक्षा एवं सतर्कता के संबंध में जानकारी दी। अभियान के दौरान यात्रियों को बताया गया कि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या लावारिस सामान की जानकारी मिलने पर तत्काल आरपीएफ या जीआरपी को सूचित करें ।साथ ही मोबाइल, पर्स, बैग और अन्य कीमती सामान की सुरक्षा स्वयं करने की सलाह दी गई। वही यात्रियों को अनजान व्यक्तियों से खाने-पीने की वस्तुएं स्वीकार नहीं करने, बिना कारण चेन पुलिंग नहीं करने तथा अनधिकृत रूप से दिव्यांग और महिला कोच में यात्रा नहीं करने के लिए भी जागरूक किया गया। अधिकारियों ने बताया कि नियमों के उल्लंघन पर रेल अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा सकती है।

शिविर — विधायक के मुख्य आतिथ्य में किया गया ग्रीष्मकालीन खेल शिविर का समापन

# समर कैम्प बच्चों के सर्वांगीण विकास का सशक्त माध्यम : दिनेश राय






**नवभारत, सिवनी ।** विधानसभा क्षेत्र के विधायक दिनेश राय मुनमुन के मुख्य आतिथ्य मे ग्रीष्म कालीन खेल शिविर का समापन समारोह किया गया ।मध्यप्रदेश शासन खेल संचालनालय के निर्देश अनुसार जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग सिवनी द्वारा आयोजित 30 दिवसीय ग्रीष्म कालीन खेल शिविर (समर कैम्प) का समापन समारोह नगर के एस्ट्रो टर्फ हांकी मैदान मे भाजपा विधायक दिनेश राय मुनमुन के मुख्य आतिथ्य के करकमलों से मां सरस्वती जी का पूजन व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और उपस्थितों को नशामुक्त भारत अभियान अंतर्गत शपथ दिलायी। इसके पश्चात खेल अधिकारी श्रीमती मनु धुर्वे द्वारा विधायक दिनेश राय मुनमुन का स्मृति चिन्ह व पौधा भेंटकर स्वागत किया गया। इसके उपरांत प्रशिक्षणार्थी बालक-बालिकाओ, प्रशिक्षकों को आपके करकमलों से पारितोषिक वितरित किया गया। इसके साथ ही विधायक दिनेश राय मुनमुन द्वारा स्वयं की ओर से अपने प्रतिनिधि मनीष मोनू मिश्रा माध्यम से 14 खेलों के प्रशिक्षणार्थी बच्चों को टी-शर्टो का वितरण किया गया। इस दौरान अपने संबोधन मे विधायक ने कहा कि समर कैंप बच्चों के सर्वांगीण विकास का एक महत्वपूर्ण माध्यम हैं। इस तरह के आयोजनों से बच्चों में अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और रचनात्मकता का विकास होता है। ?आपने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि जीवन में शिक्षा के साथ-साथ खेलों का भी अत्यंत महत्व है, इन्हें कभी नहीं छोड़ना चाहिए। स्वस्थ रहने के लिए निरंतर प्रयास करते रहना जरूरी है, क्योंकि स्वास्थ्य ही सबसे बड़ी पूंजी है। आज खेल के क्षेत्र में हमारे बच्चे देश ही नहीं, बल्कि विदेशों में भी परचम लहराकर नाम रोशन कर रहे हैं। ?विधायक ने 15 वर्षीय युवा क्रिकेटर वैभव सूर्यवंशी का उदाहरण देते हुए कहा कि वैभव भी आप ही की तरह ऐसे ही समर कैंपों से अपनी प्रतिभा निखारकर आगे बढ़ा है, जो आज क्रिकेट की दुनिया में बड़ा नाम कमा रहा है और उसे कई बड़े पुरस्कार व कार मिली है। यह एक बड़ी उपलब्धि है। विधायक ने बच्चों से उम्मीद जताते हुए कहा कि आप केवल समर कैंप तक ही सीमित न रहें, बल्कि साल के 12 महीने नियमित रूप से खेलें और योग करें। यदि आप इसे अपनी दिनचर्या बना लेंगे, तो जीवन में आने वाली हर कठिनाई दूर हो जाएगी। अंत में आपने सभी प्रतिभागी बच्चों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए हार्दिक शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर चनाप जी अपर कलेक्टर, दीपक मिश्रा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, युवराज सिंह राहंगडाले अध्यक्ष भाजपा उत्तर मंडल सिवनी, जनक तिवारी, मनीष मोनू मिश्रा विधायक प्रतिनिधि, अहफाज खान, असलम मिर्जा , आचार्य महेंद्र मिश्र, मनु धुर्वे खेल अधिकारी जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग, डीएल गौर हांकी संघ, एमके नेमा फुटबाल संघ, रशीद खान , श्रीमती किरण जैन, देवेन्द्र ठाकुर , नारायण बिसेन , ठाकरे जी, मोहम्मद जिब्राईल मंसूरी मीडिया प्रभारी सहित खेल प्रशिक्षकों, अभिभावकों, बड़ी संख्या मे प्रशिक्षणार्थी बालक-बालिकाओ की गरिमामय उपस्थिति रही।

# जैन पंचायत सभा का गठन



**नवभारत, लखनादौन ।** श्री दिगंबर जैन समाज एवं पंचायत सभा अध्यक्ष के विजय जैन (बल्ली) द्वारा आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज की शिष्या आर्यिका मां भावना मति माताजी ससंघ के समक्ष श्री दिगंबर जैन पंचायत महासभा का विस्तार किया गया । जिसमें उपाध्यक्ष के पद में संदीप जैन (बंटी,) ,आलोक जैन ,रविंद्र जैन , शक्ति पटेल को नियुक्त किया गया।

**महामंत्री पद के लिए**- पंकज जैन ,नमन जैन , प्रेम जैन, नितेश जैन को नियुक्त किया गया।

कोषाध्यक्ष पद के लिए- अलकेश जैन. को नियुक्त किया गया।

**प्रचार मंत्री पद के लिए** - प्रियंक जैन , सचिन जैन ,, सोनू जैन बनाया गया।

**मीडिया प्रभारी**- राजेश जैन डाली को नियुक्त किया गया।

**मंत्री पद के लिए** - सुरेंद्र जैन , राजीव जैन , अभिषेक जैन लकी को बनाया गया।

**प्रमुख प्रवक्ता**-नमन जैन को बनाया गया। सक्रिय सदस्य के लिए संजय जैन( पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष ) रितेश जैन, संदीप जैन , डॉक्टर सौरभ जैन , अनुराग जैन , आनंद जैन को बनाया गया. वरिष्ठ संरक्षण समिति में प्रकाश चंद जैन , चंद्र कुमार जैन, देवेंद्र कुमार जैन( निधि ज्वैलर्स, ), राजकुमार जैन, नरेंद्र कुमार जैन , दिलीप कुमार जैन, धन्य कुमार जैन, देवेंद्र कुमार जैन( चौधरी ब्रदर्स) , सुनील जैन (मैनेजर) , राजेश पटेल , सुनील जैन अधिवक्ता, अरविंद जैन , सुनील जैन (नमन रेडीमेड), संजय जैन श्रृंगार ज्वेलर्स, अनिल जैन विधायक , नरेंद्र जैन बाबूलाल किराना, शलभ जैन , राकेश जैन एस.टी.डी. , नवीन जैन को बनाया,, सभी ने पूज्य माता जी का आशीर्वाद प्राप्त किया।